## नागौद थाना की पोंड़ी चौकी अंतर्गत ग्राम अतरबेदिया से बुधवार को लापता हुए 8 वर्षीय बालक

# 2 दिन से लापता मासूम का कुएं में मिला शव

सतना

नागौद थाना की पोंड़ी चौकी अंतर्गत ग्राम अतरबेदिया से बुधवार को लापता हुए 8 वर्षीय बालक का शव दो दिन बाद सुबह करीबन 11 बजे घर के पास कुआं से बरामद किया गया। मृत बालक अनीश कुशवाहा पुत्र अरुणेन्द्र कुशवाहा अतरबेदिया में अपने फूफा सत्यम कुशवाहा के यहां आया था। मृत बालक कोठी थाना अंतर्गत पतारी ग्राम निवासी अरुणेन्द्र कुशवाहा का पुत्र था। बताया गया है कि गर्मी की छुट्टी होने पर वह अपने बुआ-फूफा के घर घूमने आया था।बुधवार की सुबह वह खेलते-खेलते अचानक गायब हो गया था। फूफा सत्यम कुशवाहा ने ग्रामीणों के साथ उसकी कई जगह तलाश की,किन्तु कहीं कुछ पता नहीं चल सका।परिजनों द्वारा बालक अनीश कुशवाहा के अचानक लापता होने की सूचना पोंड़ी चौकी में दी गयी थी और लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। बताया जाता है कि



आज सुबह कुछ लोग जब कुआं पर पानी भरने गये तो बच्चे की लाश तैरती देखकर उन्होंने इस बात की जानकारी आसपास के लोगों को दी। जिस पर मृत बच्चे के बुआ-फूफा दौड़ते हुये कुआं पहुंचे,इनके द्वारा पड़ोसियों के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया। लापता बच्चे की लाश कुयें में मिलने की खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गयी। पोंड़ी चौकी प्रभारी बल सहित मौके पर पहुंचे। उन्होंने पंचनामा तैयार कराने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मर्ग कायम कर घटना में जांच कार्यवाही कर रही है।

### कुयें में कैसे गिरा बालक, पता लगा रही पुलिस

सूत्रों के अनुसार पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बालक कुयें में कैसे गिरा। क्या उसे किसी व्यक्ति ने जानबूझकर धक्का देकर गिरा दिया या फिर खेलते समय किसी बच्चे का धोखे से धक्का लगने के कारण वह कुयें में गिर गया। पुलिस लोगों से पूछताछ कर यह जानने का प्रयास कर रही है कि बुधवार को आखिरी बार बालक को कब और किसके साथ देखा गया। दो दिन से लापता 8 वर्षीय बालक की लाश कुआं में तैरती पायी गयी।

# मच्छरों से निजात दिलाने वाली मशीन कबाड़ में

**मैहर**। नगर में इन दिनों मच्छरों का आतंक इस कदर हावी हो रहा है कि लोगों के नींद हराम हो गई है। नगर पालिका के 24 वार्डो में नालियों की सफाई न होने से मच्छर पनप रहे है। मच्छर शाम होते ही घरों में घुस जाते हैं और लोगों का जीना दुश्वार कर देते है।बताया जाता है कि मैहर नगर पालिका परिषद के पास मच्छरों के आतंक से निपटने के लिए मशीन भी उपलब्ध है लेकिन वह कबाड़ में रखी है।

बताया जाता है कि शहर के वार्डो में मच्छरों का भगाने हेतु मैजिक गाड़ी के पीछे मच्छर भगाने वाली मशीन से धुंआ कर शहर में मच्छरों को भगाने का कार्य पूर्व में किया जाता रहा है। जब कि अन्य सकरी गलियों के लिए टांगने वाली मशीन से मुहल्ले मुहल्ले दवाइयों का छिड़काव किया जाता रहा है। जब कि अब मैहर को जिले का दर्जा प्राप्त है तो बजट का अभाव नहीं होना चाहिए फिर भी मच्छर वाली मशीन का उपयोग अभी तक किया गया है। जिससे लोगों को रात में जीना दुश्वार कर दिया है। नागरिकों की मांग है कि शहर के प्रत्येक वार्डो पर व नालियों में फिनायल का भी छिड़काव कराया जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### मां शारदा माई को साक्षी मानकर प्रेमी जोड़े ने एक दूसरे को पहनाई वरमाला

**मैहर**। मैहर की प्रसिद्ध मां शारदा मंदिर में जहां लाखों भक्त मां के दर्शन के लिए आते हैं यही नहीं कुछ अपने जीवन को यादगार बनाने हेतु शादी विवाह भी मां को साक्षी मानकर करते है। इसी तरह रामनवमी के दिन एक प्रेमी जोड़े ने मां के दर्शन कर मां शारदा के देवढ़ी में परिजनों की सहमति से एक दूसरे को वरमाला डाल कर शादी की और परिजनों का आशीर्वाद लिया। बताया जाता है कि अमदरा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा निवासी ऋषि पिता दादूराम कुशवाहा और सविता पिता लोटन कुशवाहा निवासी सेमरा का काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जब यह बात दोनों के परिजनों को लगी तो पहले तो शादी के लिए राजी नहीं हुए बाद में दोनों के परिजनों ने सहमति दे दी और मैहर आकर मां की देवढ़ी में परिजनों के सामने वरमाला डालकर शादी के बंधन में बंध गए और एक साथ जीने मरने की कसम खाई।

### मतदान केन्द्रों की व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक आज

**सतना**। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 26 अप्रैल को मतदान संपन्न कराया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में चुनाव संबंधी तैयारियों के बारे में 20 अप्रैल 2024 को सायं 4 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन सतना के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में मतदान केन्द्रों की मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था,22 अप्रैल को स्वीप गतिविधियों,नल जल योजनाओं में विद्युत संबंधी समस्याओं,खुले/अनुपयोगी बोरवेल,खराब हैण्डपम्पों तथा चुनाव सामग्री वितरण/वापसी की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी एजेण्डा अनुसार निर्धारित तिथि,समय,स्थान में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

### सभी सेक्टर एवं पुलिस सेक्टर आफीसरों की संयुक्त बैठक 24 अप्रैल को

**सतना**। लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-9 सतना में 26 अप्रैल को मतदान संपन्न कराया जाना है। लोकसभा निर्वाचन के लिये नियुक्त सेक्टर ऑफीसर एवं पुलिस सेक्टर आफीसर्स की संयुक्त बैठक 24 अप्रैल को प्रातः 11 बजे टाउन हाल सेमरिया चौक सतना में आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने सभी सेक्टर आफीसर्स एवं पुलिस सेक्टर आफीसर्स को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### 9 लाख 60 हजार की चांदी की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकसभा चुनाव को लेकर स्टेशनों के प्लेटफार्म, ट्रेनों की जांच भी रेल पुलिस कर रही है। आरपीएफ ने जांच के दौरान मुड़वारा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच से एक युवक को पकड़ा। जिसके पास से चांदी की 23 सिल्ली जब्त की गई है। मौके पर युवक ने कोई दस्तावेज पेश नहीं किए, जिसके चलते चांदी को जब्त करते हुए मामले की जांच की जा रही है। वहीं आयकर विभाग व जीएसटी विभाग को भी आरपीएफ ने सूचना दी है। आरपीएफ उपनिरीक्षक सौरभ माहोरे ने बताया कि चुनाव को लेकर की जा रही जांच के दौरान मुड़वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-पांच में सुबह एक युवक बैग लेकर घूमते हुए संदिग्ध अवस्था में मिला। जिसको रोककर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम ओम किशन वर्मा निवासी मिर्जापुर उप्र बताया। युवक के पास से मौजूद बैग की तलाशी ली गई तो उसमें चांदी की अलग-अलग आकार की 23 सिल्ली मिली। जिनका वजन 11 किलो 500 ग्राम था और कीमत लगभग नौ लाख 60 हजार रुपए बताई गई। युवक ने पूछताछ में बताया कि वह चांदी सागर के मोती नगर स्थित ओम कृष्ण ज्वेलर्स को देने जा रहा था।

# प्रिज़्म जॉनसन ने रामनवमीं पर सतना एवं रीवा में किया कैनोपी एक्टिविटी का आयोजन



**सतना**। रामनवमी के उपलक्ष्य में सतना शहर में सिटी कोतवाली से माधवगढ़ तक श्रीराम जी की झांकी निकाली गई एवं रीवा शहर के कांच मंदिर एवं फूलमती माता मंदिर के पास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रिज्म सीमेंट सतना द्वारा कैनोपी एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इसमें प्रिज्म सीमेंट द्वारा श्रद्धालुओ को फल,पानी,बिस्किट तथा कैलेंडर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सतना ब्रांच के तकनीकी अधिकारी लोकेश गुप्ता,ब्रांच अधिकारी सदाब्रज सिंह,अश्वनी पांडे,आदि सम्मिलित हुए। इसी तरह कांच मंदिर एवं फूलमती माता मंदिर रीवा में रामनवमी के उपलक्ष्य में प्रिज्म सीमेंट कैनोपी एक्टिविटी के द्वारा श्रद्धालुओं को शरबत,प्रसाद एवं कैलेंडर का वितरण किया गया। जिसमें हमारे रीवा ब्रांच के तकनीकी अधिकारी राम द्विवेदी,ब्रांच प्रबंधक अजयसिंह,नैमेश,आदि सम्मिलित हुये।अयोजित कार्यक्रम की जानकारी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के जनसंपर्क एवं सीएसआर एजीएम देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

# वैवाहिक समारोह में शामिल युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**सतना**। मझगवां थाना अंतर्गत कैलाशपुर ग्राम में एक वैवाहिक उत्सव में शामिल होने आये युवक की रहस्यमयी परिस्थितियों में मृत्यु होने का मामला सामने आया है। मृतक रीवा जिले के इटौर ग्राम निवासी प्रेमलाल यादव पुत्र जगदीश यादव 35 वर्ष बताया जाता है। सूचना मिलने पर मझगवां थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे स्टॉफ सहित मौके पर पहुंचे। श्री धुर्वे ने शव को क जे में लेकर मौका मुआयना किया। थाना प्रभारी द्वारा विवाह समारोह के मेजवान मुखिया एवं समारोह में शामिल अन्य लोगों के बयान भी लिये हैं। पुलिस के मुताबिक फिलहाल यह कहना मुश्किल है कि युवक की मौत किस वजह से और कैसे हुई। पुलिस द्वारा पंचनामा तैयार कराने के बाद शव को मझगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया गया। जहां से पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को मर्चुरी में रखवा दिया गया है। पुलिस इस मामले की गंभीरता पूर्वक जांच में जुट गयी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक की हत्या की गयी अथवा उसकी स्वाभाविक मृत्यु हो गयी। आशंका जताई जा रही है कि हृदय गति रुकने के कारण युवक की मौत हो गयी। पुलिस का कहना है कि जब तक डिटेल पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती,तब तक यह कहना नामुमकिन है कि युवक की मौत कैसे हुई। पुलिस फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।



# हमारे लिए पार्टी से बड़ा देश : कैलाश विजयवर्गीय

**सतना**। लोकसभा क्षेत्र सतना के प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन सरस्वती भवन पन्नीलाल चौक में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश शासन के नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय प्रबुद्धजनो को संबोधित करते हुए कहा कि सन 2030 में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। श्री विजयवर्गीय ने कहा कि सन 2014 के पहले हमारे देश की स्थिति क्या थी किसी से छिपा नहीं है। लेकिन जब से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बने हैं दुनिया में भारत का मान बढ़ा है। मोदी ने यूक्रेन युद्ध में कहा था कि मिसाइल चलाना छोड़ दें,जिससे भारत के नागरिकों की सकुशल घर वापसी हो सके। हमारे नागरिक सुरक्षित हमारे स्वदेश लौटे साथ ही अन्य देश के नागरिकों ने भी हमारे देश का झंडा लेकर घर वापसी की। कांग्रेस पार्टी ने देश की सेवा कभी नहीं की सिर्फ देश को बर्बाद करने का कार्य किया है। हमारे लिए पार्टी से बड़ा देश है। देश ही सर्वोपरि है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि एक देश में दो विधान दो प्रधान दो संविधान नहीं चलेंगे। मंच में मध्यप्रदेश शासन की मंत्री प्रतिमा बागरी,जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा,लोक सभा प्रभारी शशांक श्रीवास्तव,लोकसभा जिला संयोजक पंडित रामदास मिश्रा,पूर्व विधायक शंकर लाल तिवारी,प्रभाकर सिंह,पंडित कमलाकर चतुर्वेदी,निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन,गगनेंद्र सिंह, अनिल जायसवाल,सुधीर सिंह तोमर,पुष्कर सिंह तोमर, राजाराम त्रिपाठी,पुष्पराज बागरी उपस्थित रहे।

### बिरसिंहपुर में जनसभा को करेंगे संबोधित

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय



शुक्रवार को सतना पहुंचे थे। उन्होंने जिला मुख्यालय में पन्नीलाल चौक स्थित सरस्वती भवन में आयोजित प्रबुद्धजनों के सम्मेलन को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित किया। तत्पश्चात बिरसिंहपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करने रवाना हो गये।

# 5 अपराधियों के विरुद्ध बाउण्ड ओव्हर और 3 के विरुद्ध की गई जिला बदर की कार्यवाही

**सतना**। सतना जिले में शांतिपूर्ण,निष्पक्ष,भय-रहित वातावरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्यक्रम को संपन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के 3 आदतन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर और 5 अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया हैं। संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को आदेश का पालन करते हुये आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा थाना कोटर अंतर्गत ट्किुरी निवासी इंद्रबहादुर सिंह उर्फ पिंटू पिता जगन्नाथ सिंह उम्र 33 वर्ष,मैनपुरा निवासी मनभरण केवट पिता अर्जुन प्रसाद केवट उम्र 36 वर्ष,कोटर वार्ड 9 निवासी सोनू उर्फ सत्यप्रकाष गौतम पिता गोरेलाल उर्फ रामप्रसन्न गौतम उम्र 36 वर्ष,थाना सिविल लाइन सतना अंतर्गत भाद निवासी शिखर सिंह पिता रमागोविंद सिंह उम्र 39 वर्ष एवं थाना सिंहपुर अंतर्गत रौंड़ निवासी संजू उर्फ अस्तभान पांडेय पिता बृजकिशोर पांडेय उम्र 38 वर्ष के विरूद्ध बाउण्ड ओव्हर कर संबंधित थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है। आदेश में सभी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के अपराधियों को एक वर्ष तक माह के प्रथम सोमवार को अपनी उपस्थिति थाने में दर्ज कराने के लिए कहा गया है। इसी प्रकार कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अनुराग वर्मा ने म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत थाना सिविल लाइन सतना अंतर्गत महदेवा निवासी शुभम साहू उर्फ शशीकांत साहू पिता पप्पू उर्फ महेश साहू उम्र 27 वर्ष,थाना कोलगवां सतना अंतर्गत गहरानाला निवासी शिवम कोल पिता मुन्ना कोल उम्र 22 वर्ष एवं थाना उचेहरा अंतर्गत गोवरांवकला निवासी विनोद उर्फ पप्पू पिता प्रेमलाल विश्वकर्मा उम्र 41 वर्ष को एक वर्ष की अवधि के लिये जिले की सीमा और जिले से लगने वाले चतुर्दिक जिलों की सीमा से बाहर चले जाने का आदेश दिया है।

# मनीष तिवारी ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया बोले अपमानित महसूस कर रहा था



**सतना**। कांग्रेस प्रदेश प्रबंध कमेटी के सदस्य मनीष तिवारी ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष को भेज दिया गया है उन्होंने यह भी बताया कि पार्टी के भीतर में उपेक्षित और अपमानित महसूस कर रहा था। श्री तिवारी ने बताया कि ऐसा महसूस होता है कि त्याग और बलिदान की नींव पर खड़ी की गयी कांग्रेस पार्टी अपने मूलभूत सिद्धान्तों से भटक चुकी है। श्री तिवारी ने फिलहाल अभी किसी अन्य दल में शामिल होने की घोषणा नहीं की है।

# कलेक्टर ने ईवीएम कमीशनिंग के कार्य का लिया जायजा





**सतना**। निर्वाचन आयोग के घोषित कार्यक्रमानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र के लिये मतदान 26 अप्रैल को किया जाना है। मतदान के लिये ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का उपयोग किया जायेगा। मतदान प्रक्रिया में उपयोग होने वाली ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग का कार्य जिला मुख्यालय पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक 1 सतना में किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने शुक्रवार को ईवीएम कमीशनिंग कार्य का जायजा लिया। उन्होने विद्यालय के अलग-अलग कक्षों का भ्रमण कर विधानसभावार चल रहे कमीशनिंग कार्य की गतिविधियों का अवलोकन कर संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और तत्परता से कार्य करें। सौंपी गई जिम्मेदारी के संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्देशों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देशों का पालन करते हुए निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया पूरी कराएं। मतदान में अब कुछ ही दिन शेष हैं। मतदान से जुड़ी सभी तैयारियाँ समय पर पूरी करना सुनिश्चित करें।

### अनिवार्य सेवाओं के मतदाताओं का पोस्टल मतदान आज

**सतना**।लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना लोकसभा क्षेत्र के लिये अनिवार्य सेवाओं के संलग्न मतदाताओं का पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान 20 से 22 अप्रैल तक निर्धारित पोस्टल वोटिंग सेंटर (पीवीसी) शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवारी सतना के पुराना परिसर में कक्ष क्रमांक 23 में होगा। इस पोस्टल बैलेट सेंटर पर अनिवार्य सेवाओं में संलग्न फॉर्म 12 'डी' भरकर यह सुविधा चाहने वाले 139 मतदाता मतदान करेंगे।इनमें अत्यावश्यक सेवाओं की अधिसूची में शामिल लोक स्वास्थ्य,गृह (अग्निशमन सेवायें),ऊर्जा विभाग एवं तथा प्राधिकृत 36 पत्रकार भी पोस्टल बैलेट से मतदान करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 20 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से शायं 5 बजे तक मतदान होगा। इसमें प्राधिकृत पत्रकार दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक उपस्थित होकर मतदान करेंगे। इसी प्रकार अन्य अनिवार्य सेवा विभागों के मतदाताओं के लिये समय का निर्धारण किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने अनिवार्य सेवाओं के अधिसूचित विभागों के विभागीय नोडल अधिकारियों से चिन्हित मतदाताओं को सूचना देकर उपस्थित कराने के निर्देश दिये गये हैं। अनिवार्य सेवाओं के मतदान केंद्र के लिये आवश्यक मतपत्र ट्रेजरी से निकालने और वोटिंग पश्चात जमा करने प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर लक्ष्यराम जांगड़े को एआरओ बनाया गया है।मतदान के लिये रिजर्व सहित 2 मतदान दल गठित करने डाक मतपत्र प्रकोष्ठ को अनुप्रमाणन अधिकारी नियुक्त करने एवं मतदान स्थल पर चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रिशक्षण शिविर 1 मई से 30 मई तक होगा आयोजित

**सतना**। प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सतना ने बताया कि संचालनालय के आदेशानुसार कलेक्टर अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के संरक्षण में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई से 30 मई तक किया जायेगा। उन्होने बताया कि जिला मुख्यालय स्तर पर 8 खेलों का प्रशिक्षण प्रातः 5:30 बजे से प्रातः 7:30 बजे तक दिया जायेगा। इसी प्रकार विकासखंड स्तर पर 2 खेलों का प्रशिक्षण खेल विभाग के ब्लाक समन्वयक एवं सहयोगी खेल प्रभारियों के द्वारा प्रातः 5:30 बजे से प्रातः 7:30 बजे तक दिया जायेगा।इस संबंध में गत दिवस बैठक आयोजित कर प्रशिक्षण की तिथियां निर्धारित की गई। बैठक में एएसएपी ग्रामीण विक्रम सिंह,संभागीय खेल अधिकारी एमके धवलपुरी,खेल प्रभारी सतना एसपी तिवारी,जिला क्रीडा अधिकारी मीना त्रिपाठी सहित विभागीय अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रभारी खेल अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-2 सतना के खेल मैदान का चयन प्रशिक्षण के लिये किया गया है। इसके अलावा प्रियबंदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरला के स्पोर्ट ग्राउंड में फुटबाल,बास्केटबाल और एथलेटिक्स का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होने बताया कि विकासखंड स्तर पर नागौद,मझगवां,मैहर,रामपुर बघेलान, अमरपाटन,उचेहरा और रामनगर के खेल मैदान में प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में बालक और बालिका शामिल हो सकते हैं। प्रभारी खेल अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिये पंजीयन 1 मई से खेल मैदान में उपस्थित होकर कराया जा सकता है। खेल विभाग द्वारा पेयजल,खेल मैदान एवं अन्य सुविधायें निःशुल्क उपलब्ध कराई जायेंगी।

# एकेएस विश्वविद्यालय के बीकॉम के विद्यार्थियों की पिकनिक पार्टी



**सतना**। एकेएस विश्वविद्यालय के बीकॉम के विद्यार्थियों की पिकनिक पार्टी काफी यादगार रही। यात्रा के दौरान स्टूडेंट्स ने 26 मार्च से 28 मार्च के बीच जटाशंकर,पांडव गुफाएं,महादेव मंदिर,धूपगढ़,सूर्यास्त बिंदु,बी फॉल का मुजाहिरा किया। पिकनिक में बी.कॉम फोर्थ एवं सिक्स्थ सेमेस्टर के स्टूडेंट शामिल रहे। स्टूडेंट्स को संकाय फैकल्टी डॉ.असलम सईद,विपुल शर्मा,विपिन सोनी,राधा सिंह के सानिध्य में पिकनिक पार्टी करने का अवसर मिला। इस मौके पर शिक्षकों ने स्टूडेंट के साथ मिलकर अंताक्षरी खेली,गीत संगीत गया और पूरी यात्रा को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# घायल को सड़क में तड़पता देख मुख्यमंत्री ने रुकवाया काफिला अपनी केयर टेकर एंबुलेंस से भिजवाया अस्पताल

पन्ना। जिले के अल्प प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने सड़क में घायल को तड़पता देखकर अपना काफिला रुकवा कर अपने केयर टेकर एंबुलेंस से घायल को अस्पताल पहुंचाया इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी वीडी शर्मा कई नेता भी रहे।

बताया गया है कि मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से पवई पहुंचे थे जहां रोड शो और मां कंकाली के दर्शन उपरांत पन्ना के लिए बाय कार रवाना हुए तभी रास्ते में सिमरिया थाना अंतर्गत हुए सड़क हादसे में 1 की मौत हो गई थी और एक गंभीर रूप से घायल सड़क में तड़प रहा था जैसे ही मुख्यमंत्री को पता चला उन्होंने अपना काफिला रुकवाया और तत्काल अपनी केयर टेकर एंबुलेंस से घायल को अस्पताल भिजवाया, मृतक को पुलिस के द्वारा पंचनामा उपरांत पीएम के लिए भेज दिया है। सीएम के द्वारा घायल का सही तरीके से इलाज करवाने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम की दरियादिली का यह वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। लोग मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की दरियादिली एवं मानवता की जमकर सराहना कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### पाती के जरिए सभी मतदाताओं को मतदान का दिया न्यौता

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान दिवस पर सभी मतदाताओं से बुंदेली भाषा में मतदान की अपील की है। उन्होंने पाती के माध्यम से की गई अपील में सभी मतदाताओं से कहा है कि शुक्रवार, 26 अप्रैल खां लोकसभा के चुनाव होने हैं। सो आप सब जनन खां वोट डालवे जरूर जानें काये कि आप औरन नें पैलें भी मतदान में बढ़चढ़ के भाग लओ है सो ईबार भी जोई करने।जिला कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र में बड़ो हो या छोटो सबखों वोट बराबर औ कीमती है, ईसे अपन खां सबई जनन के संगे बहुतई सोच समझ के बिना कौनऊ लोभ लालच के बिना कोऊ कि बातन में आय, अपनों और अपने लड़का बच्चन को भविष्य तय करवे वोट देवे जाने। चुनाव लोकतंत्र को सबसे बड़ो महापर्व कहाऊत औ जो पांच साल में एक बार आने ईसे अच्छे से सोच विचार के निडर और निर्भीक हो के वोट देनें। औ कौनऊ प्रकार के नशा, रूपया, पैसा के लालच में नई आने।

### माइक्रो ऑब्जर्वर की बैठक 22 अप्रैल को

**पन्ना**।लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत सभी माइक्रो ऑब्जर्वर के दायित्व निर्वहन के लिए 22 अप्रैल को बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इस अवसर पर आयोग के प्रावधानों के संबंध में शाम 5 बजे टाउन हॉल पन्ना में ब्रीफ किया जाएगा। इस दौरान सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

### मतदान केंद्र के सौ मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर निर्देश जारी

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किये हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त किये गये शासकीय सेवक ही मोबाइल फोन के उपयोग हेतु अधिकृत होंगे। आयोग के मुताबिक मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं दल के अन्य सदस्य को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड में रखना होगा। वे केवल सेक्टर अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन प्रेक्षक से निर्वाचन सबंधी वार्तालाप अथवा अन्य अतिआवश्यक परिस्थिति में मतदान केंद्र से बाहर निकलकर वार्तालाप के लिये मोबाईल फोन का उपयोग कर सकेंगे। बूथ लेवल ऑफिसर को वोटर असिस्टेंट बूथ पर तैनाती के दौरान ही अपने मोबाइल फोन के उपयोग की अनुमति होगी।

### एटीएम कार्ड बदलकर जालसाज ने निकाले 40 हजार रूपये

दमोह। बुजुर्ग दंपत्तियों को एटीएम के अंदर कार्ड बदलकर फ्रॉड करने के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं ऐसे ही एक घटना आज स्टेडियम के सामने स्थित एसबीआई के एटीएम काउंटर पर हुई । पीजी कॉलेज के रिटायर्ड मुख्य लिपिक के एल राय 70 वर्ष एटीएम से पैसे निकालने जाते हैं उस समय एटीएम मशीन का जीरो बटन बार-बार प्रेस करने पर नहीं दब रहा था। यह देखते हुए एटीएम के बाहर खड़ा 50 वर्ष के लगभग का अधेड़ अंदर आ जाता है और मदद करने के बहाने श्री राय साहब का एटीएम पुनः डलवाता है पिन डलवाता है फिर भी पैसे नही निकलते.. क्योंकि ट्रांजैक्शन नहीं हो पाता है तो श्री राय एटीएम कार्ड लेकर किल्लाई नाके स्थित दूसरे एटीएम जाकर पैसा निकालने का प्रयास करते है जैसे ही वे वहां एटीएम कार्ड डालते है तो देखते हैं कि उनका एटीएम कार्ड तो बदल चुका है और मोबाइल पर चार ट्रांजैक्शन 10000 -10000 से किया जा चुके है ऐसा मेसेज आ जाता है मिस्टर राय जब तक समझ पाते उनके साथ फ्रॉड हो चुका था वापस स्टेडियम के एटीएम बूथ पर पहुंच कर देखते हैं तो उन्हें वहां वह व्यक्ति नहीं मिलता है जिसने बड़ी चालाकी से कार्ड बदल दिया था।
इस पूरी घटना को सिटी कोतवाली दमोह में आवश्यक कार्रवाई के लिए आवेदन दे दिया गया है।

## जिला जेल पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**पन्ना।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश एच.पी. वंशकार की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला जेल पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर सह निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश श्री वंशकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में जिला जेल द्वारा की जा रही कार्यवाही संबंधी जानकारी ली गयी व बंदियों के जमानत आदेश जेल प्रबंधन को प्राप्त होने के सात दिवस में बंदी की रिहाई नहीं हो पाने पर अविलंब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचित किए जाने संबंधी निर्देश दिये गए। बंदियों को जेल में अनुशासन बनाये रखने व स्वयं के व्यवहार में आवश्यक सुधार लाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही बंदियों को अधिवक्ता की आवश्यकता होने पर जेल प्रशासन के माध्यम से अपना आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करने के बारे में बताया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ऐसे प्राप्त आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जरूरतमंद को पैनल से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाएगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते द्वारा उपस्थित बंदियों को दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अध्याय 21-ए में प्ली-बारगेनिंग के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही जेल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य मामलों में समझौता के माध्यम से सुलह करने की सलाह दी। बंदियों के विधिक अधिकारों एवं कर्त्तव्यों की जानकारी भी दी। साथ ही लोक अदालत, मध्यस्थता एवं बंदियों के अधिकारों के बारे में भी अवगत कराया।

## मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल होगा

**पन्ना।** लोकसभा का चुनाव कराने नियुक्त मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केन्द्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल (दिखावटी मतदान) कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मॉक पोल कम से कम 50 मतों का होना चाहिए और इसे उम्मीदवारों के मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी में कराना चाहिए। पीठासीन अधिकारी को मॉक पोल के परिणामों से मतदान अभिकर्ताओं को अवगत कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व मॉक पोल (दिखावटी मतदान) करायेंगे। मॉक पोल प्रारंभ करते समय कम से कम दो अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्ता उपस्थित रहना चाहिए। यदि मॉक पोल के समय कोई भी मतदान अभिकर्ता उपस्थित न हो, ऐसी स्थिति में पीठासीन अधिकारी अधिक से अधिक 15 मिनट मॉक पोल शुरू करने के लिये प्रतीक्षा कर सकता है, और यदि तब भी कोई मतदान अभिकर्ता नहीं आते हैं तो पीठासीन अधिकारी मॉक पोल शुरू कर सकते हैं। मॉक पोल में यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान कोष्ठ में सभी अभ्यर्थियों के लिए मत डाले गये हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार मॉक पोल (दिखावटी मतदान) प्रारंभ करने के पहले ईव्हीएम की बैलेट यूनिट तथा वीवीपैट को मतदान प्रकोष्ठ में रखना होगा, जबकि ईव्हीएम की कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी अथवा उस मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा, जो बैलेट यूनिट और व्हीव्हीपैट मशीन सही प्रकार से जोड़ने के बाद कंट्रोल यूनिट का इस्तेमाल करेगा। मॉक पोल में डाले गये मतों का अभिलेख पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी को रखना होगा। मॉक पोल की व्हीव्हीपैट की पर्चियों को भी इनके पीछे के भाग में मॉक पोल पर्ची की रबर सील लगानी होगी और इन पर्चियों को मोटे काले कागज के लिफाफे में रखकर पीठासीन अधिकारी की सील से मुहरबंद कर और हस्ताक्षर कर सुरक्षित रखना होगा ।

### स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए लगाई ड्यूटी

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना परिसर में स्थापित स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री वितरण व वापसी के लिए निर्धारित काउन्टर पर अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित लोकसेवकों को आगामी 24 अप्रैल को दोपहर 2 बजे पॉलीटेक्निक कॉलेज में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने और 25 अप्रैल को सुबह 6 बजे ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है। पवई विधानसभा के लिए 6 और गुनौर एवं पन्ना विधानसभा के लिए 5-5 दल गठित कर दायित्व सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त विधानसभावार स्ट्रांग रूम प्रभारी की नियुक्ति भी की गई है। पवई विधानसभा का स्ट्रांग रूम प्रभारी सहायक कोषालय अधिकारी अंशु खरे, गुनौर का स्ट्रांग रूम प्रभारी सहायक पेंशन अधिकारी आर.के. रवि तथा पन्ना विधानसभा का स्ट्रांग रूम प्रभारी सहायक कोषालय अधिकारी आर.पी. प्रजापति को बनाया गया है। इसी तरह सी एवं डी केटेगरी ईव्हीएम की तीनों विधानसभा क्षेत्र का स्ट्रांग रूम प्रभारी सहायक पेंशन अधिकारी मुकेश साहू को बनाया गया है। सभी दल को जिला कोषालय अधिकारी के निर्देशन एवं नियंत्रण में कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## वन रक्षकों के लिए बन रहे आवासों का बाबुओं ने अपने नाम करवा लिया आवंटन

**उत्तर वन व दक्षिण वन मंडल से पन्ना टाइगर रिजर्व तक बाबुओं का बोलबाला**

**पन्ना।** जिले के उत्तर वन और दक्षिण वन मंडल से लेकर पन्ना टाइगर रिजर्व तक लंबे समय से जमें बाबुओं का इस कदर साम्राज्य स्थापित हो चुका है कि यह खुलेआम अनियमितता मनमानी और भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला वन रक्षकों के लिए बना रहे आवासों का बताया जा रहा है। जहां इन भवनों का निर्माण पूर्ण होने से पूर्व ही अधूरे भावनाओं का आवंटन बाबुओं के द्वारा स्वयं अपने लिए कर लिया गया। इस मनमानी की सूचना मिलते ही वन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष महीप रावत ने बाबुओं की इस मनमानी को आड़े हाथों लिया है। श्री रावत ने बताया कि उत्तर वन मंडल कार्यालय पन्ना में पदस्थ बाबू खगेंद्र पाल सिंह ने एक भवन अपने लिए आवंटित कर लिया है और दूसरा भवन सत्येंद्र कुमार पयासी को आवंटित किया है। जबकि यह दोनों बाबू पहले से शासकीय भवनों में निवासरत हैं। जल्दबाजी में निर्माण पूर्ण होने से पहले अधूरे भावनाओं का ही नियम विरुद्ध तरीके से आवंटन कर दिया गया। ऐसे में यह प्रतीत होता है कि वन विभाग में बाबुओं राज कायम है। वन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष महीप रावत ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवा कर मामले की जांच और कार्रवाई करवाने की बात कही है।

### अज्ञात दिव्यांग बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप

**शव की शिनाख्त करवाने में जुटी पन्ना कोतवाली पुलिस**

**पन्ना।** कोतवाली अंतर्गत नेशनल हाईवे 39 से लगे काष्ठागार डिपो के सामने किलकिला फीडर कैनाल के पास एक अज्ञात दिव्यांग बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही पन्ना कोतवाली पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर शव के शिनाख्त का प्रयास कर दिया है। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। एक पैर से दिव्यांग होने के कारण नकली पैर लगा है। बाल एवं दाढ़ी पूरी तरह से सफेद हैं। बदन में नीला पैंट और सफेद शर्ट एवं सफेद तोलिया साथ में एक बांस की डंडी भी बताई जा रही है। पुलिस के द्वारा आसपास की बस्तियों में सूचना भेजकर शव के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## ग्राम पंचायत बरौंहा की शासकीय भूमि का पुनः किया जा रहा वन विभाग को अंतरण, रोक लगाने की मांग



**अमानगंज।** ग्राम पंचायत बरौंहा की शासकीय भूमि का एक बार पुनः वन विभाग को अंतरित करने का मामला प्रकाश में आया है, प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर महोदय पन्ना द्वारा आदेष जारी किया गया है, जिसमें बरौंहा पंचायत के ग्राम रजपुरा स्थित शासकीय भूमि लगभग 200 हेक्टेयर से भी अधिक भूमि वन विभाग को अंतरित करने हेतु आदेष जारी किया गया है, जिसके तहत ग्रामवासियों को तहसीलदार अमानगंज द्वारा नोटिस जारी किया गया है। उक्त जमीन पर लगभग 50 वर्षो से भी अधिक समय से गरीब आदिवासी कृषि कार्य कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे है। ऐसे में अगर जमीन वन विभाग को अंतरण कर दी जाती है तो बेचारे गरीब आदिवासियों का क्या होगा, वह अपना व परिवार का भरण पोषण कैसे करेगें। आज दिनांक 19.04.2024 को उक्त ग्राम के समूचे आदिवासियों ने एक साथ मिलकर ग्राम पंचायत बरौंहा सरपंच कुं. षिववृत सिंह परमार की उपस्थिति में तहसीलदार अमानगंज द्वारा दिये गये नोटिस का जबाब प्रस्तुत किया। ज्ञात हो कि कलेक्टर महोदय पन्ना के आदेषानुसार पूर्व में भी ग्राम पंचायत बरौंहा कि हजारों एकड़ जमीन का अंतरण वन विभाग को किया जा चुका है। लगातार इसी प्रकार से बरौंहा पंचायत की भूमि का अंतरण वन विभाग में होने से पंचायत में शासकीय रकवा कम होते जा रहा है, जिससे भविष्य में पंचायत के निर्माण एवं विकास कार्य प्रभावित होगें। ऐसे में ग्राम पंचायत बरौंहा के गरीब आदिवासियों ने कलेक्टर महोदय पन्ना से समाचार के माध्यम से जमीन अंतरण पर आपत्ति दर्ज करते हुए रोक लगाने की मांग की है।

## बेलगाम ट्रक की टक्कर से आर्टिका कार क्षतिग्रस्त, चालक घायल



**अजयगढ़।** थाना अंतर्गत अजयगढ़ सिंहपुर के बीच स्थित दूल्हा देव की घाटी में बेलगाम ट्रक की टक्कर से एक आर्टिका कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है एवं चालक घायल हो गया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार इमरान लाइन निवासी अजयगढ़ अपनी अर्टिका कर से सतना जा रहे थे जैसे ही वह दूल्हा देव की घाटी के पास पहुंचे पन्ना की ओर से आ रहे एक बेलगाम ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई एवं चालक इमरान लाइन घायल हो गया, घटना के बाद ट्रक का चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया है। पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाले ट्रक को जप्त कर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है और घायल को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करवाया जा रहा है। फिलहाल कार चालक खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

## मां मटैना शक्ति धाम में भक्ति भाव से जवारों का विसर्जन



**बनवार।** चैत्र नवरात्रि की नवमीं पर शक्तिधामों में जवारे दर्शन विसर्जन के लिए आस्था का जन सैलाब उमड़ा चौबीसा क्षेत्र की इष्ट देवी मटैना शक्ति धाम दरबार में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। बनवार चैत्र नवरात्रि की नवमीं पर शक्तिधामों में जवारे दर्शन विसर्जन के लिए आस्था का जन सैलाब उमड़ा चौबीसा क्षेत्र की इष्ट देवी मटैना शक्ति धाम दरबार में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। देवालयों में माता के नाम पर की गई घट स्थापना जवारे माता के दर पर चढ़ाने के लिए पंडा-पुजारियों की कठोर साधना भक्ति के दर्शन हुए और भक्ति, उत्साह, ऊर्जा का संचार हो रहा था। ग्राम रोड़ बनवार चौबीसा क्षेत्र की खेर मांटेना शक्ति धाम भक्तिभाव से भक्त भाव खेलते नजर आयें और मां के नाम के लोहे के बाना छिदवाते रहे। वहीं श्रृद्धालु हाथों में अग्नि से प्रज्वलित ज्वाला खप्पर लिए भक्ति भाव से यह असहज कार्य बड़े ही सहज भाव से करते रहे और एक बाने में दर्जनों लोग आपने गाल छेदकर मां की भक्ति की शक्ति प्रगट करते हैं। जिनके दर्शनों के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां माटेना शक्ति धाम पहुंचते हैं।

## कांग्रेस नेता मृगेन्द्र सिंह गहरवार ने भी था भाजपा का दामन

**मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की मौजूदगी में साथियों के साथ हुए शामिल**



**पन्ना।** सबसे लम्बे समय तक भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष रहे मृगेन्द्र सिंह गहरवार आज अपने साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं खजुराहो से प्रत्याशी वीडी शर्मा, पूर्व मंत्री व विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, मंत्री दिलीप अहिरवार, लोकसभा संयोजक सतानंद गौतम, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा की मौजूदगी में सभी का भाजपा में स्वागत किया गया। भाजपा के जिला कार्यालय में देर रात पहुंचे मुख्यमंत्री ने यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान मृगेन्द्र सिंह गहरवार के साथ आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला संयोजक निरंजन जडिया, मार्शल आर्ट खिलाड़ी एवं कोच इरफान उल्ला खान, युवा नेता दीपक मिश्रा, अर्णव त्रिवेदी, आशीष गुप्ता, दीपचन्द्र अग्रवाल, नेत्र चिकित्सक रामराज पाण्डेय, मोहित यादव राजापुर अजयगढ़ सहित करीब सैंकड़ा भर लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। गौरतलब है कि मृगेन्द्र सिंह गहरवार कांग्रेस के युवा नेता रहे है और 14 वर्षों तक एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष रहे। इस दौरान उन्होंने विसम परिस्थितियों में भी लगभग प्रत्येक छात्रसंघ चुनाव में एनएसयूआई का परचम लहराया और कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ाने में अग्रणी रहे। कांग्रेस के सभी कार्यक्रम प्रर्दशनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। मृगेन्द्र सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा कि मैंने पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कांग्रेस पार्टी का काम किया। लेकिन वर्तमान में कांग्रेस में संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को कोई महत्व नहीं दिया जा रहा था। जिसके चलते मैनें कुछ दिनों पहले ही कांग्रेस के सभी दायित्वों को छोड़ दिया था। जिसकी आधिकारिक घोषणा भीकी थी। बावजूद इसके कांग्रेस के किसी भी नेता ने उन्हें समझाने तक का प्रयास नहीं किया। कांग्रेस को जमीनी स्तर पर काम करने वाले लोगों की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के आला नेताओं के कुछ फैसलों से भी वे आहत हुए, जिसमें हमारे आराध्य भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जाना प्रमुख है। यही कारण है कि अब उन्होंने भाजपा में जाने का फैसला किया है। विदित हो कि मृगेन्द्र सिंह गहरवार जैसे नेताओं के भाजपा में जाने से कांग्रेस को खासा नुकसान होगा और कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता के मनोबल पर भी प्रभाव पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### तीन मोटर साइकिल आपस में टकराईं दो घायल



**बमीठा।** एनएच 39 बमीठा में तीन मोटर साइकिल आपस में टकरा गई जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दो मोटर साइकिल सवार घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से बमीठा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से उनको 108 की मदद से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 16 एमपी 3901 स्पेलण्डर, एमपी 16 एमडब्ल्यू 9434 जिसमें घायल रामलखन आदिवासी पिता बेटन आदिवासी निवासी टिकरी वही दूसरा घायल व्यक्ति सीनू अहिरवार पिता रवोन्दा अहिरवार किशोरगंज है। वही तीसरी मोटर साइकिल सवार वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान 19 अप्रैल को जिले की दोनो विधानसभा क्षेत्र - 89 बांधवगढ एवं-90 मानपुर में मतदान संपन्न हुआ। मतदान केन्द्रों का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर हो रहे मतदान का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जूनियर हाई स्कूल भवन कुदरीटोला मे बनाये गये मतदान केंद्र क्रमांक 214, शासकीय प्राथमिक शाला भवन बन्नौदा मे बनाये गये मतदान केंद्र क्रमांक 237, शासकीय उमावि भवन करकेली मे बनाये गये मतदान केंद्र क्रमांक 197 करकेली, शासकीय माध्यमिक विद्यालय भवन करकेली पश्चिमी भाग के 198 करकेली, विधानसभा क्षेत्र मानपुर के मलियागुडा के मतदान केंद्र क्रमांक 271,272,273 एवं 274 का औचक निरीक्षण किया गया जहां शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न होना पाया गया।

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ घायल



**उमरिया।** जिले में मतदान ड्यूटी के लिये जा रहे कर्मचारी की स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे मतदानकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कर्मचारी को जिला अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया। जहां से उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया। पिपरिया कोयला खदान में पम्प ऑपरेटर के पद पर कार्यरत लल्लू लाल राय उम्र 55 वर्ष चुनाव ड्यूटी के लिये पॉलिटेक्निक कॉलेज उमरिया आ रहे थे, उमरिया के कचरवार रोड के ब्रेकर पर स्कूटी अनियंत्रित हो गई, लल्लू लाल राय के हाथ, सिर पर चोट आई। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया गया है।

### कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान

**उमरिया।** शहडोल संसदीय क्षेत्र 12 अजजा के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की दो विधानसभा क्षेत्र-89 बांधवगढ एवं 90 मानपुर विधानसभा क्षेत्र में संपन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन धरणेन्द्र कुमार जैन ने केंद्रीय विद्यालय के मतदान केंद्र क्रमांक-139 में मतदान किया।

---

**लंबे समय से चली आ रही मांग पर हुआ अमल, वाहन दुर्घटनाओं में आएगी कमी**

# छतरपुर मार्ग का 15 करोड़ 53 लाख की लागत से हुआ है मजबूतीकरण कार्य

नौगांव से छतरपुर मार्ग पर बीटीआई कॉलेज से आर्मी हवाई पट्टी तक के अधूरे पड़े डामरीकरण सड़क मार्ग एवं चौड़ीकरण के मुद्दे पर "नौगांव से हवाई पट्टी तक का डामरीकरण अधूरा,लोगों के वाहन अनियंत्रित हो रहे" प्रकाशित समाचार को लोक निर्माण विभाग ने संज्ञान में लेते हुए ठेकेदार से कार्य शुरू करा दिया है, शुक्रवार से कार्य प्रारंभ होने के साथ नपा अध्यक्ष की पहल पर लगभग 400 मीटर मार्ग का चौड़ीकरण कार्य भी प्रारंभ हो गया है।

**नौगांव**



जानकारी के मुताबिक लोक निर्माण विभाग द्वारा नौगांव छतरपुर - चंद्रपुरा के 23 किमी लंबे मार्ग का विशेष मजबूतीकरण कार्य के तहत सड़क पर डामरीकरण एवं 9 पुल पुलियों का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग ने 15 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से उक्त निर्माण कार्य का पृथ्वीपुर की रामराजा कंस्ट्रक्शन कपनी को ठेका देकर कराया जा रहा है। कंस्ट्रक्शन कपनी ने 2023 के आखिर में नौगांव से छतरपुर मार्ग पर डामरीकरण का कार्य लगभग पूरा कर दिया, लेकिन नौगांव शहर में बीटीआई कॉलेज के पास से आर्मी हवाई पट्टी तिराहे के सामने तक डामरीकरण की एक लेयर डाल कर, डामर की दूसरी लेयर और सीलकोट लेयर डाले बिना ही काम को अधूरा छोड़ दिया। इतना ही नहीं कंस्ट्रक्शन कंपनी कार्य अधूरा छोड़कर मशीनरी आदि सामग्री लेकर भी यहां से चली गई थी, ऐसे में बीटीआई कॉलेज से लेकर आर्मी हवाई पट्टी तिराहे तक सड़क मजबूतीकरण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ था। ठेकेदार द्वारा अधूरे सड़क मार्ग पर पर डामर की दूसरी लेयर और सीलकॉट लेयर न डालने से सड़क 1 से 2 इंच तक ऊंची होने के कारण नौगांव से छतरपुर जाने वाले दोपहिया वाहन सहित सभी वाहन चालकों को अचानक से सड़क पर धचके जैसी स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। जिस कारण से दो पहिया वाहन में सवार महिला सहयात्री सहित वृद्धजन गिरकर घायल हो रहे थे, तो वहीं आवागमन कर रहे वाहन चालकों को भी इस सड़क पर वाहन चलाने में परेशानी हो रही थी, जिसको लेकर "नौगांव से हवाई पट्टी तक का डामरीकरण अधूरा ,लोगों के वाहन अनियंत्रित हो रहे" हरिभूमि ने समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। लोक निर्माण विभाग ने जनहित के मुद्दे पर प्रकाशित समाचार को संज्ञान में लेते हुए शुक्रवार से सड़क संबंधी कार्य शुरू करा दिया है।

### नपा अध्यक्ष की पहल पर मार्ग का हो रहा चौड़ीकरण -

बीटीआई कॉलेज के पास से आर्मी हवाई पट्टी के मुख्य प्रवेश द्वार तक लगभग 400 मीटर सड़क संकरी एवं सड़क सोल्डर सही न होने से आए दिन वाहन चालक दुर्घटना के शिकार होते हैं, इस मुद्दे को लेकर नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी ने जिला कलेक्टर संदीप जीआर को पत्र लिखकर मार्ग चौड़ीकरण कराए जाने की मांग की थी। कलेक्टर ने नपा अध्यक्ष के पत्र पर लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर मार्ग चौड़ीकरण करने की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके बाद अब जब ठेकेदार ने अधूरे पड़े सड़क डामरीकरण के कार्य को प्रारंभ किया तो लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री रामदत्त मिश्रा ने डामरीकरण से पहले चौड़ीकरण का कार्य ठेकेदार से शुरू कराया है। ठेकेदार ने पोकलेन और जेसीबी मशीन से सड़क की खुदाई करते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया है।

---

## मतदाता जागरूकता रैली निकाल वोट की महत्ता को बताया



**अपनी ताकत की करें पहचान, आओ हम सब करें**

**छतरपुर।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा शहीद दिवस की श्रृंखला में तीन दिवसीय स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम के अंतर्गत 18 अप्रैल को श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा मतदाता रैली निकाली गई। मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से गोद ग्राम छिरावल एवं ग्राम चौका में कुलसचिव विजय सिंह के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेशचंद्र अहिरवार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के बारे में समझाया कि देश व प्रदेश में समुचित विकास के लिए, लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए आप सभी अपने मत का उचित प्रयोग करके सहयोग कर सकते हैं।

इस रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवी रजनीश रावत, विक्रम सिंह, मनोज भारती, शिवम रैकवार, परिवेश कुशवाहा, अंकित राजपूत, रजनीश पांडे, आशीष मिश्रा, आकाश गौतम, निखिल मिश्रा, आदर्श, अरविंद दिवाकर, एवं निशा यादव, रूपांजलि लवली पटेल, अंजलि रावत, साधना यादव, आरती पटेल, भारती अग्रवाल, प्रियंका यादव, सावित्री सहित लगभग 50 राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने भाग लिया। इस रैली सफल के आयोजन को देखते हुए श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम, चैयरमैन डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम , कुलसचिव विजय सिंह, उपकुलपति गिरीश त्रिपाठी एवं डॉ. बी.एस. राजपूत ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।

---

## महानगरों से वापस आ रहे मतदाताओं का स्टेशन पर हुआ स्वागत



**छतरपुर।** जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 मे अधिक से अधिक मतदान हेतु स्वीप अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के विभिन्न क्षेत्रो से बहुत से मतदाता अन्य राज्यों में आजीविका के लिए गए हुए है। ऐसे प्रवासी मतदाताओ को मोबाईल नंबर से संपर्क कर दिनांक 26 अप्रैल 2024 को मतदान हेतु वापिस आने का अनुरोध किया गया है तथा रोजगार हेतु स्थानीय स्तर रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई है। प्रवासी श्रमिको को वापिस बुलाने के लिए कॉल किए जाने पर आज अधिक संख्या में मजदूर वापिस आए, जिला स्वीप टीम द्वारा ईशानगर रेलवे स्टेशन पर इन श्रमिको का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। मतदान हेतु आमंत्रण पत्र दिया गया तथा नैतिक मतदान हेतु शपथ दिलाई गई।

## मतदाताओं को जागरूक करने शिक्षकों ने निकाली रैली



**छतरपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जीआर के निर्देशन में छतरपुर जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आज शुक्रवार के रोज जन शिक्षा केंद्र बालक चंदला के सभी शिक्षकों द्वारा पूरे नगर में रैली निकालकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में शिक्षक हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लिए नजर आए तो वहीं सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, अंकल आंटी मान जाओ वोट डालने जरूर जाओ, दिल्ली से भी आएंगे वोट डालकर जाएंगे, वहीं नए मतदाताओं को भी जागरूक किया गया। वहीं पूरे नगर में रैली के बाद सभी शिक्षकों द्वारा शपथ समारोह भी किया गया।

---

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की हुई मौके पर मौत



**बड़ामलहरा।** बड़ामलहरा अनुभाग के बमनौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बरेठी के टपरिया खेरा निवासी बबलू पाल पिता बिठठा पाल 40 साल अपनी मौसी के यहां आमखेरा शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था जिसको अज्ञात वाहन ने करीब रात 8 बजे सेवार गुलाई के पास जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की जानकारी लगते ही बमनौरा थाना पुलिस मौके पर पहुँची और शव को अपने कब्जे लेते हुए मौका पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए शव को सिविल अस्पताल बड़ामलहरा लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपकर पुलिस अज्ञात वाहन एवं चालक की तलाश में जुट गई है।

**ट्रेन से टकराकर मौत होने की आशंका, जांच में जुटी पुलिस**

# रेल्वे पटरी पर मिली युवक की खून से लथपथ लाश



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सटई रोड के पिताम्बरा मंदिर के पीछे रेलवे पटरी पर एक युवक की शुक्रवार की सुबह खून से लथपथ लाश मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक स्थानीय मोहल्ले का ही रहने वाला है, जिसके परिजनों ने शिनाख्त करने के बाद थाने में मामले की शिकायत की है। पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस ने ही शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां मृतक का पोस्टमार्टम किया गया।

मृतक के बड़े भाई विनय पटेल पुत्र कृष्णकांत पटेल निवासी मंडी के पीछे रेलवे पुल के उस पार थाना सिविल लाईन छतरपुर ने बताया कि उसका छोटा भाई विकास पटेल उम्र 22 वर्ष सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था तथा शादी विवाह मे कैटरिंग का भी काम करता या। गुरुवार की दोपहर करीब 12 शाम विकास अपनी मोटर साईकिल डिस्कवर से घर से निकला था और रात भर घर वापस नही आया। मृतक के पिता कृष्णकांत पटेल ने बताया कि विकास अक्सर काम के सिलसिले मे रात को बाहर रूक जाता था और सुबह घर आ जाता है। इसी कारण से रात को हमने उसकी खोज नही की। शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे दो लड़कों ने घर आकर सूचना दी कि विकास पिताम्बरा मंदिर के पीछे रेलवे पटरी पर मृत अवस्था में पड़ा है। वहीं उसकी मोटरसाइकिल खड़ी है तथा मोबाइल फोन भी डला है। इसके बाद परिजनों ने मौके पर जाकर देखा जहां विकास पटेल मृत अवस्था मे पटरी के लगभग 6 फिट नीचे तरफ पडा था। अंदेशा है कि रेल से टकराने के कारण विकास की मौत हुई है। विनय पटेल की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

---

## असंतुलित ओव्हर लोड वाहन सड़क दुर्घटना को दे रहे दावत

**शहडोल।** सड़कों पर चौबीसो घंटे चल रही आवाजाही और परिवहन को सुरक्षित रखने के लिए यातायात नियम बनाए गए हैं। निगरानी के लिए पुलिस तैनात की गई है, करोड़ों रुपए की समतल सड़कें बनाई गई है। शासन की इतनी व्यवस्था के बावजूद सड़क यातायात असुरक्षित है। कारण यह है कि लोग अपने मतलब के लिए दुर्घटना के अंदेशे को नजरअंदाज कर देते हैं वहीं पुलिस भी लापरवाही बरतती है। इधर काफी दिनों से यातायात पुलिस सड़कों पर वाहनों की जांच पड़ताल में ढिलाई बरत रही है। वाहनों की बॉडी के काफी ऊपर तक माल लोड किया जाता है वाहन लहराते चलते हैं, मिनी ट्रकों व ट्रकों में यह स्थिति अधिक देखने को मिलती है। पिकअप और ट्रैक्टरों में पीछे तक झूलती सरिया, एंगल लोड किए जाते हैं। ऐसे वाहनों को मोडऩे में भी कठिनाई जाती है। कहीं भी लोग इनसे घायल हो सकते हैं। लेकिन क्या ऐसे वाहन पकड़े जाते हैं?

### बॉडी के ऊपर तक छल्ली

सड़कों पर ऐसे वाहन कहीं भी देखे जा सकते हैं जिनके बॉडी के काफी ऊपर तक सामानों की छल्ली लगी रहती है। मिनी ट्रकों या ट्रकों पर जब भूसी ले जाई जाती है तो इसी तरह का नजारा देखने को मिलता है। इससे वाहनों की चाल बिगड़ जाती है वे असंतुलित होकर लहराते हैं। ऐसे वाहन समतल सड़क पर भी खतरा पैदा कर सकते हैं मोड़ों पर तो विशेषतया उन्हे मोडऩे में कठिनाई जाती है। पुलिस के सामने से ऐसे वाहन




गुजरते हैं लेकिन पुलिस इनसे पूछताछ करना जरूरी नहीं समझती। कुछ वर्षों पूर्व सर्किट हाउस के समीप इसी तरह भूसे का ट्रक बिजली के खंभे से टकरा कर पलट गया था। सारी रात सोहागपुर की लाइट बंद रही थी। दुर्घटनाएं होतीं हैं पर सीख नहीं ली जाती है।

### सरिया, एंगल ऐसे ले जाते हैं

सडकों पर ऐसे पिकअप वाहन व ट्रैक्टर दिख जाएंगे जिनमें लोहे की सरिया व एंगल लोड रहते हैं और जो वाहनों के पीछे झूलते रहते हैं। इन वाहनों से कहीं भी दुर्घटना हो सकती है, ऐसे वाहन मुड़ते समय अगल बगल के राहगीरों को घायल कर सकते हैं। पुलिस ऐसे वाहनों को चलते हुए देखती है लेकिन इनके विरुद्ध कार्रवाई नही करती। सड़क सुरक्षा से उसका मतलब हेल्मेट पहनने, तीन सवारी नहीं चलने मात्र से होता है। जबकि सड़क दुर्घटनाएं इन कारणों से भी हो सकती हैं। पुलिस की धरपकड़ के कुछ निर्धारित मानदण्ड हैं, इसके अलावा वह धरपकड़ करने में समय बर्बाद करना जरूरी नहीं समझती है।

### शराबी वाहन चालकों की खबर लें

त्योहार पर्वों पर और शादियों के समय वाहनों में ठूंस ठूंस कर यात्री बैठाए जाते हैं। कई वाहन नशे की हालत में भी चलाए जाते हैं। ऐसे नसेड़ी वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। नशे के कारण भी कई बार गंभीर दुर्घटनाएं हो जातीं हैं। आटो वाले भी क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर चल रहे हैं। नगर में इन दिनों करीब एक हजार आटो चल रहे हैं, इनका फिटनेस व परमिट देखा जाए तो अधिकांश नियमविरुद्ध चलते पाए जाएंगे। शायद ही कोई आटो ऐसा होगा जिसका माइलोमीटर सही होगा, सब अपने माइलोमीटर खराब करके रखते हैं। ट्रैक्टरों में मजदूर ठूंस ठूंस कर भरे रहते हैं। यह सभी वाहन चौराहों से गुजरते हैं और पुलिस इन्हे देखती है पर कार्रवाई नहीं करती है। इन वाहनो से हमेशा गंभीर दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

# चंदला बस स्टेंड में बूंद बूंद पानी को परेशान हैं यात्री



**छतरपुर।** गौरतलब है कि मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री एवं चंदला विधायक दिलीप अहिरवार का क्षेत्र कहे जाने वाले चंदला बस स्टैंड में आने वाले यात्री बूंद बूंद पानी और धूप में बैठने को मजबूर हैं। चंदला बस स्टैंड से रोजाना 50 से 60 बसे आवागमन करती हैं जिसमें हजारों की संख्या में लोग अपने गंतव्य के लिए रवाना होते हैं मगर बस स्टैंड में मूलभूत सुविधाएं न होने की वजह से यहां आने जाने वाले लोग हमेशा परेशान दिखाई देते हैं।

चंदला बस स्टैंड पर नगर परिषद द्वारा लगवाया गया फ्रीजर शोपीस बनकर रह गया है। यहां सफर करने आने वाले यात्री बूंद बूंद पानी को परेशान नजर आते हैं। पिछले वर्ष नगर परिषद द्वारा यात्रियों की सुविधा को देखते हुए बस स्टैंड पर एक वाटर कूलर लगवाया गया था मगर जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते यह वाटर कूलर कई महीनों से बंद पड़ा हुआ है। यहां से सफर करने वाले सक्षम लोग तो पैसे खर्च करके दुकानों से पानी बोतल खरीद कर अपनी प्यास बुझा लेते है मगर गरीब तबके के लोग पानी के लिए बस स्टैंड पर स्थित दुकानों पर हाथों में बोतल लिए चक्कर काटते नजर आते रहते हैं। वहीं दुकानदारों द्वारा उन्हें दुत्कार कर दुकान से भगा देते हैं।

बस स्टैंड पर यात्री प्रतीक्षालय न होने की वजह से यहां से सफर करने वाले लोग धूप से बचने के लिए दुकानों के बाहर अपना सामान रखकर सर छुपाए बैठे नजर आते हैं। हाल ही में दौरे पर आए प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने चंदला को नगर परिषद से नगर पालिका बनाने की घोषणा तो कर दी मगर यहां के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए आज भी परेशान हैं। हालांकि अभी आचार संहिता लागू है लेकिन देखना यह होगा कि इसके बाद चंदला क्षेत्र की इस बड़ी समस्या पर राज्यमंत्री का ध्यान जाता है या फिर अभी लोगों को और इंतजार करना पड़ेगा?

## खबर संक्षेप

### होर्डिंग से मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित 2014 मतदान केन्द्रों मे होगा। प्रत्येक मतदाता को मताधिकार के उपयोग के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा शहर में प्रमुख स्थलों पर मतदान दिवस की सूचना से संबंधित होर्डिंग लगवाए गए हैं। कालेज चौराहा, सिरमौर चौराहा, नया बस स्टैण्ड, जिला अस्पताल, रेलवे स्टेशन, विक्रम पुल, निपनिया पुल, छोटी पुल, पुराना बस स्टैण्ड, अस्पताल चौराहा सहित शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में 100 होर्डिंग लगाए गए हैं। इसी तरह सभी विकासखण्डों में भी मतदाताओं को मतदान के लिए होर्डिंग के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है।

### द्वारचार से पहले बारात घर में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू



**रीवा।** जिले के सिविल लाइन थाना अंतर्गत में गुरुवार देर रात शहर के शहर के बीचो-बीच स्थित वृंदावन गार्डन में पटके की चिंगारी से आग लग गई जिससे चारो तरफ अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। जानकारी के मुताबिक आग पटाखे चलाने की वजह से लगी। देखते ही देखते विवाह घर में आग भड़क उठी। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। गनीमत रही की फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटना स्थल से चंद दूरी पर ही खड़ी थी। जिससे समय रहते ही आग पर काबू पा लिया गया। जिसके चलते कोई बड़ी घटना घटित नही हुई।

### मतदान दल के सदस्यों का विशेष प्रशिक्षण आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक एक, दो एवं तीन के विशेष प्रशिक्षण के समय में परिवर्तन किया गया है। विशेष प्रशिक्षण 20 अप्रैल को टीआरएस कालेज में आयोजित होगा। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि प्रशिक्षण अब अपरान्ह एक बजे से शाम 5 बजे तक दिया जाएगा।

### जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 28307 क्विंटल गेंहू की खरीद

**रीवा।** जिले में निर्धारित 104 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। जिले में 19 अप्रैल तक 427 किसानों से 28307 क्विंटल गेंहू की खरीद की गयी है। इसके लिए किसानों को 6 करोड़ 79 लाख 38 हजार रूपये की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि अब तक 1574 किसानों ने गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक किये हैं। खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए वारदाने, तौल कांटे तथा अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गयी हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार खरीदी केन्द्र तथा खरीदी का स्लॉट बुक कर सकते हैं। पंजीकृत किसान जिले के किसी भी खरीदी केन्द्र में स्लॉट बुक करके गेंहू दे सकते हैं।

### उम्मीदवारों का तृतीय लेखा निरीक्षण 24 अप्रैल को होगा

**रीवा।** निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक उम्मीदवार को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्धारित तिथियों में चुनाव खर्च का विवरण निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। रीवा लोकसभा क्षेत्र के सभी उम्मीदवारों के व्यय लेखा का तीसरा निरीक्षण 24 अप्रैल को किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी उम्मीदवारों से निर्धारित तिथि तक निर्धारित प्रपत्र में चुनाव खर्च का विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

# कलेक्टर ने ईव्हीएम की कमीशनिंग तथा मतदान सामग्री वितरण का लिया जायजा

**रीवा ।** लोकसभा निर्वाचन में रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान के लिए तैनात मतदान दलों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण पूरा हो गया है। जिले के सभी 2014 मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम मशीनों से मतदान कराया जाएगा। इसके लिए विधानसभावार ईव्हीएम मतदान के लिए तैयार की जा रही हैं। इंजीनियरिंग कालेज में तकनीकी अधिकारियों तथा प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा ईव्हीएम की कमीशनिंग की जा रही है। कमीशनिंग के बाद सभी ईव्हीएम विधानसभावार बनाए गए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित भण्डारित की जाएंगी। राजनैतिक दलों तथा उम्मीदवारों की उपस्थिति में 25 अप्रैल को प्रातः 5 बजे स्ट्रांग रूम खोलकर ईव्हीएम का मतदान दलों को वितरण इंजीनियरिंग कालेज से किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने इंजीनियरिंग कालेज में मशीनों की कमीशनिंग तथा मतदान सामग्री वितरण की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने रिटर्निंग आफीसरों को निर्देश देते हुए कहा कि ईव्हीएम की कमीशनिंग निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कराएं। इनमें मतपत्र लगाने के पहले इसे सहायक रिटर्निंग आफीसर हस्ताक्षरित करें। व्हीव्हीपैट, बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट के संचालन में यदि किसी तरह की कठिनाई आती है तो



तकनीकी अधिकारी उसे तत्काल दूर करें। बैलेट यूनिट में मतपत्र लगाने के बाद उसे भलीभांति सील करें। सभी बटनों से मतदान करके मॉकपोल का पूर्वाभ्यास कर लें। कमीशनिंग का कार्य पूरा होने के बाद ईव्हीएम को मतदान केन्द्र के क्रम के अनुसार स्ट्रांग रूम में भण्डारित करें जिससे वितरण के समय किसी तरह की कठिनाई न हो। कलेक्टर ने मतदान सामग्री तैयार करने का जायजा लेते हुए कहा कि मतदान केन्द्रों के लिए आवश्यक सामग्री विधानसभावार तथा मतदान केन्द्रवार तैयार करें। सामग्री प्राप्त करने के बाद उसका चेकलिस्टर अनुसार मिलान कराएं। यदि कोई सामग्री कम है तो तत्काल सम्पर्क करके जिला निवार्चन कार्यालय से उसकी पूर्ति कराएं। प्रत्येक मतदान दल को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पूरी सामग्री प्राप्त होनी चाहिए। सभी रिटर्निंग आफीसर मतदान सामग्री का मिलान कराकर उसका मतदान केन्द्रवार व्यवस्थित भण्डारण कराएं जिससे वितरण के समय किसी तरह की कठिनाई न हो। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने इंजीनियरिंग कालेज में कम्युनिकेशन प्लान, जीपीएस से मॉनीटरिंग तथा वेबकास्टग के लिए की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी मतदान सामग्री तथा आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, प्रभारी अधिकारी कम्युनिकेशन प्लान एवं वनमण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे, जिला प्रबंधक लोक सेवा रविकांत पाण्डेय, सभी सहायक रिटर्निंग आफीसर, प्रभारी अधिकारी ईव्हीएम आदित्य सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## लोक सभा चुनाव में मतदान करने के बाद दिखाए उंगली में लगी स्याही का निशान और खरीददारी में पाए छूट

### रीवा नगर निगम की अनोखी पहल



**रीवा।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदान करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से शहर कमिश्नर संस्कृति जैन के आवाहन पर विन्ध्य व्यापारी महासंघ रीवा द्वारा वोटर्स को विशेष छूट दिए जाने की व्यवस्था की गई है। नगर निगम रीवा की पहल पर मतदाता को मतदान के पश्चात अपनी अंगुली की अमिट स्याही दिखाने पर व्यापारियों की तरफ से विशेष उपहार दिए जाने के साथ ही दुकानों, होटलों, टू-व्हीलर एजेंसीज, किराना कपड़ा, केक एवं फूड जोन की दुकानों में विशेष छूट प्रदान किया जावेगा। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने विन्ध्य व्यापारी महासंघ के पदाधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पहुच कर मतदाताओं को मतदान के पश्चात उपहार स्वरूप विशेष छूट दिए जाने हेतु प्रेरित किया गया। उनके साथ विन्ध्य व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष नरेश काली, गणमान्य व्यापारी सुनील सिंह 'बद्रिका मोटर्स', अमित कोहली, कमलेश सचदेवा, राजकुमार तिलवानी, संदीप गुप्ता, सुधांशु पाठक, मनीष गहोई, महेश ठारवानी, नरेश छुगानी, अमित ठारवानी, सुरेश वाधवानी (एबीसी), मनीष आहूजा, विजय थारवानी, संजय चावला, विनोद पठान, श्याम वाधवानी, बलराज मदनानी, जीतू रमेजा, संतोष बजाज, अवनीश खण्डेलवाल व अन्य व्यापारीगण मौजूद रहे।

## रीवा में बीएसपी सुप्रीमों की सभा हुई फ्लाप, उम्मीद से कम रहे प्रशंसक

**रीवा।** एक समय था कि रीवा में बहुजन समाज पार्टी अपनी जड़े जमाई हुई थी, उसके अपने अलग ही बोट बैंक थे। रीवा की जनता ने बहुजन समाज पार्टी को सांसद, विधायक तक जिता कर दिये। लेकिन धीरे-धीरे बीएसपी की जड़े उखड़ती चली गई और आज तीसरे स्थान पर जा कर खड़ी हो गई। आज हालात यह है कि बीएसपी से न तो विधायक बन रहे और सांसद की बात दूर रही। बीएसपी के बोट बैंक में भाजपा ने सेंध मार दी, रीवा संसदीय क्षेत्र के जो विधानसभा कभी बीएसपी के गढ़ हुआ करते थे वहां आज भाजपा का पताखा लहरा रहा है। इसकी वजह क्या है यह तो पार्टी को लोगों को शोध करने का विषय है। फिलहाल लोकसभा चुनाव सिर पर चढ़ गया बहुजन समाज पार्टी अपना खोया अस्तित्व फिर से लाने के लिए हाथ-पैर पटक रही है। शुक्रवार को रीवा में बसपा सुप्रीमों की सभा का आयोजन तीन लोकसभा प्रत्याशी द्वारा करवाया गया। जिसमें रीवा से अभिषेक पटेल, सतना से नारायण त्रिपाठी और पन्ना जिले से कमलेश पटेल शामिल रहे। सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए पंद्रह दिन पहले से




तैयारी हो रही थी। उ मीद थी कि सुप्रीमो मायावती को सुनने बसपाईयों से एफएएफ ग्राउंड खचाखच भरा होगा। लेकिन उनकी उ मीदों पर पानी फिर गया, पन्ना, सतना और रीवा की जनता एकत्रित करने पर भी सुप्रीमो की सभा सूनी हो गई। राजनीतिज्ञ यह मानते थे कि लोकसभा चुनाव मैदान में बसपा प्रत्याशी के उतरने से चुनाव त्रिकोणीय हो गया है। लेकिन आज की सभा ने यह आंकलन निकाला जा रहा है कि चुनावी पेंच भाजपा और कांग्रेस के बीच फंस कर रह गई है। रही बात रीवा से सांसद का सेहरा किसके सिर बंधेगा यह तो अब आने वाला चुनाव परिणाम ही बतायेगा।

## "मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत रीवा शहर में भव्य "संगीतोत्सव" संगीत संध्या का आयोजन"

**रीवा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में रीवा जिले मतदान का प्रतिशत बढ़ाये जाने के उद्देश्य निरंतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी अनुक्रम में मतदान हेतु नागरिको को प्रेरित किये जाने के उद्देश्य से रीवा शहर में दिनांक 20.04.2024 को शाम 7:00 बजे से विवेकानंद पार्क कालेज चौक में भव्य "संगीतोत्सव" संगीत संध्या का आयोजन नगर पालिक निगम रीवा द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से म.प्र. के प्रसिद्ध गायक 'दिव्यांश मेहता (काके)' जबलपुर तथा उनकी टीम के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतिया दी जावेगी। उक्त आयोजन में लोकसभा चुनाव के बारे में प्रश्नोत्तरी (क्विज) का भी आयोजन किया जावेगा, जिसमे सही उत्तर देने वाले मतदाता को विशेष इनामी कूपन उपहार स्वरुप दिए जायेगे, जिसमें फ्री मूवी टिकट, स्नैक कूपन एवं डिस्काउंट कूपन आदि शामिल होगे। साथ ही लकी ड्रा के द्वारा भी मतदाताओ का चिन्हांकन कर इनामी कूपन दिए जावेगे। नगर के सभी मतदाताओ से अपील की जाती है कि सपरिवार आयोजन में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाये तथा प्रतियोगिताओ में शामिल होकर इनामी कूपन प्राप्त करें। प्रतियोगिता में शामिल होने हेतु मतदाता अपना वोटर पहचान पत्र अथवा एपिक नंबर लेकर आये।

## साइकिल रैली के माध्यम से दिया गया मतदाता जागरूकता का संदेश



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधि के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में साइकिल रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से स्वीप प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे ने साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। साइकिल रैली शहर में कालेज चौराहा, शिल्पी प्लाजा, सांई मंदिर होकर गायत्री मंदिर से वापस कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। रैली में छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त स्वयंसेवी संगठनों के सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने सहभागिता की तथा पोस्टर में लिखे विभिन्न जागरूकता नारों के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रोड लाइट वाली महिलाओं को पिकअप वाहन ने कुचला, एक की मौत आधा दर्जन घायल



**रीवा ।** जिले के मनगवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार की देर रात्रि में फरेंदा गांव सड़क किनारे बैठी महिलाओं को अनियंत्रित पिकअप वाहन ने कुचल दिया। घटना में आधा दर्जन महिलाएं घायल हुई हैं। जबकि एक की मौत हो गई।जानकारी के मुताबिक महिलाएं चोरहटा थाना क्षेत्र के बैजनाथ से रोड लाइट लेकर रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के फरेंदा गांव गई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद। महिलाएं वापस लौटने के लिए सड़क के किनारे वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान जिस पिकअप वाहन से महिलाएं फरेंदा पहुंची थी। उसी वाहन के चालक ने तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए सड़क किनारे बैठी महिलाओं को कुचल दिया । जिसमें सावित्री साकेत नाम की महिला की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन महिलाएं घायल हो गई हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। पिकअप चालक मौके से फरार हो गया वही पिकअप चालक भी बैजनाथ गांव का ही रहने वाला है जो नशे की हालत में था। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### इनका कहना है

रात्रि लगभग 2:00 पुलिस को सूचना मिली की पिकअप वाहन ने शादी में रोड लाइट की गमले उठाने वाली महिलाओं कुचल दिया है तत्काल मौके पर जाकर घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया जहां एक महिला की मौत हो गई जिस पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है वहीं वाहन चालक मौके से फरार हो गया था जिसकी तलाश जारी है

**महेंद्र सिंह बागरी चौकी प्रभारी मनिकवार थाना मनगवा रीवा**

### यादव वोट को साधने रीवा आ रहे कांग्रेस से अरूण यादव

रीवा । रीवा में यादव समाज का एक बड़ा बोट बैंक है, जिसे साधने की कवायद की जा रही है। जब से प्रदेश के मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव बने है तब से यादव समाज का रूख भाजपा की ओर दिखने लगा है। हाल ही में प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने रीवा संसदीय क्षेत्र में सभा की, जिससे कांग्रेसियों की हालत पतली हो गई। उनको इस बात की आशंका सताई जा रही कि यादव बोट बैंक को कैसे साधा जाये। जिसका समाधान निकाल लिया गया है। शनिवार को यादव बाहुल्य क्षेत्र गोविंदगढ़ एवं जवा में कांग्रेस ने सभा का आयोजन किया है। जिसमें कांग्रेस के रप्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव सिरकत करेंगे। आने वाले चुनाव परिणाम में दिलचस्प बात यह रहेगी कि रीवा के यादव बोट बैंक का रूझान प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव की ओर होगा या फिर कांग्रेस के केंद्रीय मंत्री अरूण यादव का प्रभाव दिखेगा।

## प्रशिक्षण से अनुपस्थित 35 कर्मचारियों को मिला नोटिस

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए गठित मतदान दलों में शामिल पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण से अनुपस्थित पाए गए 35 शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। प्रभारी अधिकारी मतदान दल गठन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने प्रशिक्षण से अनुपस्थिति को गंभीर कदाचरण एवं अनुशासनहीनता मानते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही का नोटिस दिया है। यह नोटिस मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के प्रावधानों के तहत दिया गया है। नोटिस का दो दिन की समय सीमा में समक्ष में उपस्थित होकर संतोषजनक उत्तर न देने पर एक पक्षीय दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अनिल सिंह सहायक शिक्षक, लालमन साकेत उच्च श्रेणी शिक्षक, चन्द्रशेखर प्रसाद कोल सहायक शिक्षक, परमानंद पटेल सीएसी जनपद शिक्षा केन्द्र, रूद्र नारायण शुक्ला माध्यमिक शिक्षक, भारत भूषण द्विवेदी सहायक शिक्षक तथा श्रीमती लीलावती साकेत प्राथमिक शिक्षक को नोटिस दिया है। इसी तरह मझिगेन्द्र प्रसाद मिश्रा प्राथमिक शिक्षक, भूपेन्द्र सिंह प्राथमिक शिक्षक, श्रीमती प्राची सिंह माध्यमिक शिक्षक, राजेन्द्र सिंह प्राथमिक शिक्षक, श्रीमती मंजू पाण्डेय माध्यमिक शिक्षक, श्रीमती विमला साकेत प्राथमिक शिक्षक तथा रामनिवास साकेत माध्यमिक शिक्षक को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। कृष्णलाल कोल सहायक अध्यापक, रामकैलाश कोल सहायक अध्यापक, पृथ्वीराज सिंह कार्यालय सहायक, संजय कुमार पटेल कार्यालय सहायक, श्रीमती सरिता पाण्डेय माध्यमिक शिक्षक, कुसुम दुबे प्राथमिक शिक्षक, सुधीर कुमार कोल सहायक अध्यापक, श्रीमती सुशीला वर्मा प्राथमिक शिक्षक तथा श्रीमती शशिकला कोल को नोटिस दिया गया है। प्रशिक्षण से अनुपस्थित हरिशंकर चतुर्वेदी समयपाल, भूपेन्द्रमणि तिवारी प्राथमिक शिक्षक, ऋषिकेश्वर प्रसाद द्विवेदी स्वास्थ्य अधिकारी, रामगोपाल कोल सहायक अध्यापक, रामलाल कोल शिक्षामित्र, चिंतामणि कोल भृत्य, मोतीलाल कोल संविदा शिक्षक तथा मुबिनूर रशीद स्वास्थ्य अधिकारी को भी नोटिस दिया गया है। इसी तरह श्रीमती समुद्रकली कोल सहायक अध्यापक, श्री विपिन पांसा भृत्य, शिवकुमार कोल शिक्षामित्र तथा राजेन्द्र प्रसाद भृत्य को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

## प्रेमिका से पीछा छुड़ाने प्रेमी ने ही हत्या कर खेत में फेंक दी थी लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कैमोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमुआनी कला में एक किसान के खेत में लगभग एक सप्ताह पूर्व गांव की ही एक महिला का कंकाल पाया गया था। खेत में महिला का कंकाल मिलने के मामले में विजयराघवगढ़ एसडीओपी केपी सिंह ने पूरे मामले से पर्दा उठा दिया है। एसडीओपी श्री सिंह ने बताया कि बीते दो-तीन साल से चले आ रहे प्रेम संबंधों से छुटकारा पाने के लिए महिला के प्रेमी ने ही उसे रात को मिलने के बहाने बुलाकर उसकी पहले तो गला दबाकर हत्या की उसके बाद गेहूं के खेत के अंदर ले जाकर फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी प्रेमी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### पत्नी को लग गई थी जानकारी

विजयराघवगढ़ एसडीओपी केपी सिंह ने घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम जमुआनी कला निवासी लगभग 30 वर्षीय गणेश गुप्ता नामक युवक के संबंध 40 वर्षीय महिला से थे। गत वर्ष गणेश का विवाह हो गया था और उसके महिला के साथ संबंध होने की जानकारी उसकी पत्नी को लग गई थी। पत्नी के सामने अवैध संबंध उजागर होने के बाद से ही गणेश अपनी प्रेमिका से छुटकारा पाना चाहता था। उसने 19 फरवरी की रात प्रेमिका को मिलने के बहाने खेत की मेड़ पर बुलाया और वहां पर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद गणेश ने प्रेमिका की लाश को गेहूं के खेत के बीचो-बीच लेजाकर फेंक दिया। जिस खेत में महिला का कंकाल पाया गया उससे मात्र 200 मीटर की दूरी पर ही उसके हत्यारे प्रेमी गणेश का घर है। महिला गांव में अकेली ही रहती थी उसका पति और बेटा मजदूरी करने के लिए किसी दूसरे शहर में रह रहे थे। महिला और गणेश के बीच पिछले दो-तीन सालों से संबंध स्थापित थे। दोनों मोबाइल पर घंटों बातें भी किया करते थे। गणेश ने महिला की हत्या करने के बाद उसके मोबाइल को स्विच ऑफ करके उसकी स्वेटर के पॉकिट में डाल दिया था।

विजयराघवगढ़ एसडीओपी श्री सिंह ने कहा की बेहद चुनौती पूर्ण इस हत्याकांड में महिला की कॉल डिटेल को जब पुलिस ने गंभीरता पूर्वक अध्ययन किया तो फिर दो-तीन लोगों से महिला की बातचीत होने की बात सामने आई। आरोपी गणेश महिला से हमेशा ही घंटों बात करता था। जब उस पर संदेह हुआ तो पुलिस के द्वारा गांव में मुखबिरों को सक्रिय किया गया और पूरे साक्ष्य एकत्र किए गए। संदेह के आधार पर जब आरोपी गणेश को पकड़ कर उससे पूछताछ की गई तो उसने सारी सच्चाई उगल दी। महिला की हत्या के मामले में उसके आशिक गणेश को हिरासत में लेते हुए उसके खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। आपको बता दें कि महिला का कंकाल 12 अप्रैल की सुबह पाया गया था कंकाल मिलने के एक हफ्ते के अंदर ही पुलिस ने इस अंधे हत्याकांड का खुलासा कर दिया। कंकाल मिलने के बाद से ही गांव में खलबली मची हुई थी। आरोपी के पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

### मतदाता जागरूकता के लिए संगीत संध्या का आयोजन आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में 20 अप्रैल को शाम 7 बजे से विवेकानंद पार्क कालेज चौराहा में मतदाता जागरूकता संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रदेश के प्रसिद्ध गायक दिव्यांश मेहता एवं उनके दल के सदस्यों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। भजन संध्या के साथ चुनाव से जुड़ा क्विज कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। इस क्विज में प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले मतदाता को ईनाम दिया जाएगा।